प्रेषक,

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

सेवा में,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/804 दिनांक : 27 जनवरी, 2025

विषयः **इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा वर्ष–2025 के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2025 की इण्टरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा मण्डलवार प्रथम चरण में दिनांक 01 फरवरी, 2025 से 08 फरवरी, 2025 तक तथा द्वितीय चरण में दिनांक 09 फरवरी, 2025 से 16 फरवरी, 2025 तक आयोजित होगी।

उक्त प्रयोगात्मक परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाय :–

1– प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु नियुक्त परीक्षकों की सूची, परीक्षकों के नियुक्ति पत्र एवं किस विद्यालय में किस विषय में कौन परीक्षक परीक्षा लेने आयेंगे तथा साथ ही उस विद्यालय से नियुक्त परीक्षक कहाँ–कहाँ परीक्षा लेने जायेंगे, इससे सम्बन्धित फावर्डिंग/शिफ्टिंग विद्यालयवार सूची की हार्ड कॉपी विद्यालयों को तत्काल उपलब्ध कराये जाने के निमित्त क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा संबंधित प्रपत्र ससमय आपको उपलब्ध करा दिये जायेंगे। सभी सूची एवं प्रपत्र सम्बन्धित विद्यालय के पोर्टल के साथ–साथ जिला विद्यालय निरीक्षक के पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेंगे।

2– जिला विद्यालय निरीक्षक के पोर्टल पर उपलब्ध प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु नियुक्त परीक्षकों की सूची एवं अन्य प्रपत्रों का भली–भांति परीक्षण कर लें, इसमें किसी प्रकार की विसंगति परिलक्षित होने पर अपने पोर्टल से परिषद की वेबसाइट पर इस सम्बंध में सूचित करें।

3– प्रयोगात्मक परीक्षाएं उन्हीं विद्यालयों में आयोजित करायी जाएं, जहाँ सम्बन्धित छात्र/छात्रा अध्ययनरत हैं तथा सी०सी०टी०वी० कैमरे स्थापित व क्रियाशील हैं। प्रयोगात्मक परीक्षाएँ अनिवार्य रूप से वायस रिकार्डर युक्त सी०सी०टी०वी० कैमरे की निगरानी में ही सम्पन्न करायी जायेंगी और इसकी रिकार्डिंग सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा अपने पास सुरक्षित रखी जायेगी।

4– प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए विद्यालय में प्रयोगशाला, आवश्यक उपकरण अथवा सामग्री का अभाव होने पर अन्यत्र निकटतम संसाधनयुक्त विद्यालय में प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पादित करायी जाएं एवं इसकी सूचना तत्समय सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाए। राजकीय विद्यालय में संसाधनों के अभाव के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के सम्बंध में सम्बंधित प्रबन्धक व प्रधानाचार्य के विरूद्ध आप द्वारा कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वित्तविहीन

कृ०प०उ०

AnyScanner

विद्यालयों में यह स्थिति परिलक्षित होने पर विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण की संस्तुति करते हुए यथावश्यक कार्यवाही की जाए।

5– विद्यालय में किस विषय की परीक्षा कब आयोजित होगी, इस सम्बन्ध में सम्बन्धित प्रधानाचार्य से सूचना प्राप्त कर प्रयोगात्मक परीक्षा के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों को उपलब्ध करा दिया जाय, जिससे वे उन तिथियों में सम्बन्धित विद्यालयों में पहुँच कर प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सम्पादन का पर्यवेक्षण कर सकें।

6– प्रयोगात्मक परीक्षाओं के समयान्तर्गत सम्पादन हेतु आपके जनपद से अन्य जनपदों के लिये नियुक्त हुये परीक्षकों के ससमय अपने–अपने विद्यालयों से कार्यमुक्त होने के सम्बन्ध में प्रधानाचार्यों को अपने स्तर से तत्काल निर्देश दिये जायें।

7– यह सुनिश्चित किया जाय कि परीक्षक अपने साथ आधार कार्ड अथवा मान्य पहचान पत्र आवंटित विद्यालय में अवश्य ले जाएं। साथ ही परीक्षक के पहचान पत्र की छाया प्रति विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिलेख के रूप में अपने पास सुरक्षित रखें।

8– नियुक्त किये गये सभी बाहृय परीक्षकों को निर्देशित कर दें कि प्रयोगात्मक परीक्षा की अवधि में प्रतिदिन प्रधानाचार्य एवं आंतरिक परीक्षक के साथ प्रयोगशाला में उपस्थित होकर फोटो एवं जिओ पैरामीटर्स को मोबाइल एप द्वारा अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे। जिओ लोकेशनयुक्त फोटो कैप्चरिंग हेतु मोबाइल एप माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट **upmsp.edu.in** पर बाहृय परीक्षकों द्वारा अपनी लॉगइन आईडी का उपयोग कर डाउनलोड किया जाएगा।

9– प्रयोगात्मक परीक्षा लेने वाले बाहृय परीक्षक द्वारा अपनी लॉगइन आईडी का उपयोग कर तथा आन्तरिक परीक्षक द्वारा अपने विद्यालय की लॉगइन आईडी से माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक उसी दिवस अनिवार्य रूप से अपलोड कर दिये जाएं। साथ ही इन अंकों को बाहृय परीक्षक द्वारा एवार्ड ब्लैंक/IB-234 पूरित कर सम्बंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा। इस सम्बंध में सम्बंधित प्रधानाचार्य को निर्देशित कर दें कि पूर्ण सजगता से शुद्धता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें।

10– बाहृय परीक्षकों द्वारा मोबाइल एप के उपयोग से जिओ लाकेशनयुक्त फोटो अपलोड करने तथापोर्टल पर प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड करने आदि की प्रक्रिया/विस्तृत दिशा–निर्देश संलग्न है।

11– यदि किसी के द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षक पर किसी भी प्रकार का अनुचित दबाव बनाया जाता है तो ऐसी स्थिति में**उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 की धारा–9** में निम्नवत वर्णित प्रावधान लागू होंगे:–

"कोई भी व्यक्ति, चाहे व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से या सॉल्वर गिरोह के साथ मिलीभगत करके, निरीक्षण दल के किसी सदस्य, पर्यवेक्षी कर्मचारिवृन्द, अधिकारी या सार्वजनिक परीक्षा के संचालन के लिए परीक्षा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त, न्यस्त, लगे हुए, सहयोजित किसी व्यक्ति को धमकी, उत्प्रेरणा, प्रलोभन, बाधा या बल प्रयोग द्वारा किसी

सार्वजनिक परीक्षा को प्रभावित नहीं करेगा या प्रभावित करने का प्रयास नहीं करेगा, ताकि वह विधिपूर्ण कर्तव्य का पालन न कर सके या किसी परीक्षा केंद्र में प्रवेश न कर सके।"

- धारा–9 के उपबंधों का उल्लंघन किये जाने पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अनुसार तीन वर्ष से अन्यून कारावास से, जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, तथा तीन लाख रुपये के जुर्माने से, जो दस लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है, दंडनीय होगा।

अतः यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रयोगात्मक परीक्षक पर किसी भी स्तर से अनुचित दबाव न डाला जाय अन्यथा की स्थिति में अनुचित दबाव डालने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध **उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024** की धारा 13(4) के अनुसार कार्यवाही की जाए।

12– प्रयोगात्मक परीक्षक द्वारा निर्धारित विद्यालय में उपस्थित न होकर अन्यत्र स्थान पर परीक्षा सम्पादित कराने की स्थिति में **उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 की धारा–10** में निम्नवत वर्णित प्रावधान लागू होंगेः–

"कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक परीक्षा आयोजितकरने के प्रयोजनार्थ परीक्षा केन्द्र से भिन्न किसी अन्य स्थान का उपयोग नहीं करेगा या कराने का कारण नहीं बनेगा।"

- अधिनियम की धारा 13(3) के अनुसार धारा–10 के उपबंधों का उल्लंघन किये जाने पर दो वर्ष से अन्यून कारावास से, जिसे दस वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, तथा दो लाख रुपये के जुर्माने से, जो पांच लाख रुपये तक बढ़ाया जा सकता है, दंडनीय होगा।

अतएव यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रयोगात्मक परीक्षक द्वारा निर्धारित विद्यालय में उपस्थित होकर ही परीक्षा सम्पन्न करायी जाए। निर्धारित विद्यालय से अन्यत्र स्थान पर परीक्षा सम्पादित किये जाने की स्थिति में सम्बंधित उत्तरदायी व्यक्तियों पर **उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024** की धारा 13(3) के अनुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक विद्यालय परिसर से ही परिषद की वेबसाइट पर लॉगइन कर अपलोड किये जाएं।

13– प्रयोगात्मक परीक्षा के साथ–साथ हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की लिखित परीक्षाओं से सम्बंधित छात्र/छात्राओं की विषयगत समस्याओं, परीक्षा के भय/जिज्ञासा/तनाव आदि के कारण उत्पन्न समायोजनात्मक कठिनाई के समाधान हेतु परिषद मुख्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों में हेल्पडेस्क का संचालन किया जा रहा है। अतः निम्नांकित दूरभाष नम्बर एवं ईमेल एड्रेस का अपने–अपने जनपदों में व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाय :–

| क्रम | कार्यालय | दूरभाष नम्बर | ईमेल एड्रेस |
|---|---|---|---|
| 1– | क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ | 0121-2660742 / 9454457256 | romeerut@gmail.com |
| 2– | क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली | 0581-2576494 / 9411915423 | robareilly@gmail.com |
| 3– | क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज | 0532-2423265 / 9793908133 | roallahabad1@gmail.com |
| 4– | क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी | 0542-2509990 / 9415810708<br>9453760092 | rovaranasi@gmail.com |
| 5– | क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर | 0551-2205271 / 6394717234 | upmsprogkp@gmail.com |
| 6– | मुख्यालय, प्रयागराज | 18001805310 / 18001805312 | upmspho@gmail.com |

कृ0प0उ0

AnyScanner

प्रत्येक जनपद में प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित कराने वाले विद्यालयों के सापेक्ष रैण्डम आधार पर 05 प्रतिशत विद्यालयों का ऑडिट परिषद द्वारा कराया जाएगा। ऑडिट में किसी प्रतिकूल तथ्य अथवा अनियमितता प्रकाश में आने पर संबंधित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

भवदीय

27/1/2025
(भगवती सिंह)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या : मा0शि0प0/सिस्टम सेल/804-5 /तद्दिनांक।

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

(1) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग,उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
(2) महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(3) शिक्षा निदेशक (मा०) एवं सभापति, मा०शि०प०, शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
(4) मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उ०प्र० को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षक को अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।
(5) अपर सचिव, मा०शि०प०, क्षे०का० मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी तथा गोरखपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त के सम्बन्ध में अपने स्तर से भी प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

(भगवती सिंह)
सचिव

AnyScanner

दिनांक: 27-01-2025

# "**बाह्य परीक्षक**" के लिए माड्यूल

## इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा-2025

आवश्यक हार्डवेयर : डेस्कटॉप / लैपटॉप / मोबाइल Android Ver10 या उससे ऊपर का वर्जन

(कृपया यहां दी गई अनिवार्य उपयोग शर्तों को देखें)

---

### बाह्य परीक्षकों हेतु उपयोग की प्रक्रिया:

**1- यूजर आईडी** परीक्षक संख्या के अंतिम 8 अंक होंगे।

उदाहरण के लिए:

यदि परीक्षक संख्या PI-15131634 है तो USER-ID 15131634 होगी,

यदि परीक्षक संख्या PI-15234999 है तो USER-ID 15234999 होगी,

यदि परीक्षक संख्या P2-15348550 है तो USER-ID 15348550 होगी,

यदि परीक्षक संख्या P2-15131005 है तो USER-ID 15131005 होगी।

**2- पासवर्ड** परीक्षक की जन्मतिथि DDMMYYYY प्रारूप में होगी। उदाहरण के लिए यदि जन्म तिथि 26-01-1990 है तो पासवर्ड 26011990 होगा।

**3-** यह मॉड्यूल निम्नांकित 3 अलग-अलग कार्यवाही के लिए हैं :

(i) परीक्षा केन्द्र पर फोटो व जिओ पैरामीटर कैप्चर करना -

यह कार्यवाही केवल मोबाइल फोन के प्रयोग से सम्पादित की जाएगी जिससे जिओ लोकेशन को सत्यापित किया जा सकेगा।

(ii) विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को बोर्ड के पोर्टल पर अपलोड करना -

इस कार्यवाही के लिए परीक्षक की जिओ लोकेशन सत्यापित करने के लिए लॉग-इन प्रक्रिया को केवल मोबाइल डेटा का उपयोग करके निष्पादित किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों के अंक अपलोड करने की प्रक्रिया मोबाइल, डेस्कटॉप या लैपटॉप का उपयोग करके निष्पादित की जा सकती है। हालाँकि, यदि परीक्षक डेस्कटॉप या लैपटॉप का उपयोग करने का विकल्प चुनता है, तो मोबाइल फोन का डेटा (इंटरनेट) चालू होना चाहिए और इसे डेस्कटॉप या लैपटॉप से कनेक्ट किया जाना चाहिए। जिओ लोकेशन के सत्यापन हेतु यह अनिवार्य है।

(iii) प्रयोगात्मक परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में किसी भी ऑबजर्वेशन या शिकायत को पंजीकृत / अपलोड करना -



AnyScanner

इस कार्यवाही का उपयोग किसी भी स्थान से किसी भी माध्यम यथा मोबाइल, डेस्कटॉप या लैपटॉप से किया जा सकता है। इस कार्य के लिए जिओ लोकेशन सत्यापित नहीं होगा।

4- यह मॉड्यूल केवल प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्र पर संचालित करने हेतु है। प्रत्येक बार जब उपयोगकर्ता (परीक्षक) द्वारा लॉग-इन विवरणों का उपयोग करके लॉग-इन किया जाता है, तो एप आपकी लोकेशन के जियो पैरामीटर्स को कैप्चर करने के लिए कहेगा, और परीक्षा केंद्र के उपलब्ध जियो-पैरामीटर के साथ उसका मिलान करेगा। यदि दूरी में बोर्ड द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक का अंतर पाया जाता है तो सिस्टम स्वचालित रूप से प्रक्रिया को निरस्त कर देगा। इसलिए, परीक्षकों को केवल परीक्षा केन्द्र के परिसर में इस मॉड्यूल को संचालित करने की सलाह दी जाती है।

## उपयोग की प्रक्रियाएँ:

- https://upmsp.edu.in पर जाएं। (पहली बार केवल मोबाइल के माध्यम से करें, बाद में मोबाइल या मोबाइल डेटा के माध्यम से)
- बटन "**EXEX2025**" पर क्लिक करें (होम पेज की शीर्ष पंक्ति पर उपलब्ध है)
- एक नई विंडो खुलेगी और सिस्टम द्वारा निम्नलिखित तीन विकल्प प्रदर्शित किए जाएंगे:

**विकल्प-ए:** आंतरिक परीक्षक और विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ प्रयोगशाला में फोटो खींचने के लिए यहाँ क्लिक करें।

**विकल्प-बी:** जिन विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आपके द्वारा सम्पादित की गई हैं, उन विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को अपलोड करने के लिए, यहाँ क्लिक करें।

**विकल्प-सी:** परीक्षा के संचालन के दौरान हुई अप्रत्याशित या अवांछित घटनाओं के संबंध में किसी भी ऑबजर्वेशन / शिकायत को दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करें।

नोट : फोटोग्राफ और जियो पैरामीटर कैप्चर करने के लिए एक बार मोबाइल ऐप अपने फ़ोन में इंस्टॉल करने के बाद पुन: डाउनलोड / इंस्टॉल करने की आवश्यकता नहीं होगी। जब तक जरूरत होगी यह काम करता रहेगा।

## विकल्प-ए का उपयोग करने की प्रक्रिया :

(केवल मोबाइल फोन के माध्यम से निष्पादित किया जाए)

- विकल्प-ए पर क्लिक करने पर, मोबाइल ऐप को डाउनलोड और इंस्टॉल करने के लिए "DOWNLOAD-PHOTO-CAPTURE-MOBILE-APP" के रूप में एक लिंक प्रदर्शित होगा।
- "DOWNLOAD-PHOTO-CAPTURE-MOBILE-APP" के लिंक पर क्लिक करें।



AnyScanner

- "INSTALL APP" पर क्लिक करें।
- मोबाइल ऐप आपके मोबाइल फोन पर इंस्टॉल हो जाएगा और आपके मोबाइल स्क्रीन पर एक 'लोगो' प्रदर्शित होगा।
- मोबाइल ऐप के 'लोगो' पर क्लिक करें।
- फोटो खींचने के लिए एक विंडो खुल जाएगी, कैमरा सक्रिय हो जाएगा; फोकस को समायोजित करते हुए कैमरे को अपने अनुसार सेट करें और फिर "TAKE PHOTO" पर क्लिक करें।
- जिओ पैरामीटर्स के साथ फोटो क्लिक हो जाएगी।
- "UPLOAD IMAGE" बटन पर क्लिक करें।
- **तिथि, समय एवं जिओ पैरामीटर्स** के साथ फोटो स्वत: सर्वर पर अपलोड हो जाएगी।
- विद्यालय के पूर्व से उपलब्ध जिओ-पैरामीटर के साथ वर्तमान में कैप्चर किए गए जिओ-पैरामीटर की तुलना सिस्टम द्वारा की जाएगी, और यदि दोनों पैरामीटर के बीच की दूरी बोर्ड द्वारा अनुमन्य सीमा से अधिक पाई जाती है, तो एक संदेश प्रदर्शित किया जाएगा। YOUR PRESENT LOCATION IS OUT OF BOUNDS, PLEASE REPORT AT THE CORRECT LOCATION.

**विकल्प-बी का उपयोग करने की प्रक्रिया :**

(विद्यार्थियों के अंक अपलोड करना)

- "INTERMEDIATE PRACTICAL" पर क्लिक करें।
- अपने लॉगइन विवरणों का प्रयोग कर लॉगइन करें।
- अंक अपलोड करने के लिए सिस्टम विद्यालयवार और परीक्षार्थीवार तालिका प्रदर्शित करेगा। ड्रॉप डाउन लिस्ट से अंक अपलोड करने के लिए अपना स्कूल कोड चुनें।
- "MARKS UPLOAD" बटन पर क्लिक करें
- लोकेशन की अनुमति प्रदान करने हेतु allow करें।
- निर्धारित स्थान का पुनः जिओ कैप्चरिंग के माध्यम सत्यापन किया जाएगा। बोर्ड द्वारा अनुमन्य सीमा से अधिक दूरी होने पर प्रक्रिया को निरस्त कर दिया जाएगा।
- यदि जिओ लोकेशन का सत्यापन सफल होता है, तो आप अंक अपलोड कर सकेंगे।
- चयनित तालिका में सभी विद्यार्थियों के अनुक्रमांक, नाम और विषय आदि का विवरण प्रदर्शित होगा।
- विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को अंकित कर अपलोड करें अथवा यथास्थिति अन्य उचित कोड जैसे अनुपस्थित के लिए "AB", स्थानांतरण के लिए "TR", अनुचित साधन के प्रयोग हेतु "UM" अंकित करें।



AnyScanner

- तालिका पूरी करने के बाद स्क्रीन के नीचे दिए गए "REVIEW" बटन पर क्लिक करें।
- आप इस चरण तक विद्यार्थियों के अंकों को संशोधित / बदल सकते हैं।
- आपके द्वारा अपलोड किए गए अंकों की समीक्षा और सत्यापन करने के बाद, "FINAL-SUBMIT" बटन पर क्लिक करें। इसके बाद डेटा सर्वर पर स्थानांतरित हो जाएगा और इसे संशोधित नहीं किया जा सकेगा। हालाँकि, आपके पास अपलोड किए गए अंकों को डाउनलोड करने या उसके लिए एक चेकलिस्ट तैयार करने और प्रिंट करने का विकल्प होगा।
- LOG-OUT

**विकल्प-सी का उपयोग करने की प्रक्रिया :**

(बाह्य परीक्षक द्वारा कोई ऑबजर्वेशन या शिकायत अपलोड करने के लिए)

नोट: इस सुविधा का लाभ प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्र के भीतर या बाहर, किसी भी स्थान से लिया जा सकता है। दूरी पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा।)

- अपने लॉग-इन विवरणों का उपयोग करके लॉग-इन करें।
- विकल्प-सी पर क्लिक करें।
- प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षक को आवंटित विद्यार्थियों का विवरण निम्नानुसार तालिका में सिस्टम द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा:-
  जनपद + स्कूल + विषय + विद्यार्थी
- परीक्षक को प्रदर्शित तालिका से जनपद, स्कूल और विषय का विवरण चुनना होगा।
- फिर परीक्षक को एक बॉक्स प्रदान किया जाएगा जिसमें वह अपनी टिप्पणियाँ / शिकायतें लिख सकता है, या वैकल्पिक रूप से वह विधिवत हस्ताक्षरित कागज पर अपनी टिप्पणियाँ / शिकायत लिख कर उसकी प्रति को अपलोड कर सकता है।
- "SAVE" बटन पर क्लिक करें।
- आपकी टिप्पणियाँ / शिकायतें सर्वर पर अपलोड हो जायेंगी और क्षेत्रीय सचिव एवं सचिव के पोर्टल पर स्थानांतरित कर दी जाएगी।
- टिप्पणियाँ / शिकायत की प्राप्ति के विवरणयुक्त एक संदेश उपयोगकर्ता को प्रदान किया जाएगा।
- LOG-OUT।

---------------------



AnyScanner

DATE : 27-01-2025

# MODULE FOR "**EXTERNAL EXAMINER'S**" OF

INTERMEDIATE PRACTICAL EXAM-2025

Hardware Requirements : DeskTop / Laptop / Mobile Android Ver10 & above

(Please refer to the mandatory usage conditions provided hereunder.)

---

## USAGE PROCEDURE FOR EXTERNAL EXAMINERS:

1) **USER-ID** shall be last 8 digits of Examiner Number. For example:
   If examiner-no. is PI-15131634 then USER-ID will be 15131634,
   If examiner-no. is PI-15234999 then USER-ID will be 15234999,
   If examiner-no. is P2-15348550 then USER-ID will be 15348550,
   If examiner-no. is P2-15131005 then USER-ID will be 15131005 etc

2) **PASSWORD** will be examiner's date of Birth in DDMMYYYY format. For example if Date of Birth is 26-01-1990 then password will be 26011990.

3) This module is for 3 different activities i.e.

   (i) **Capture Photo+GEO Parameters** at the Practical Exam centre,
   This activity **must** be completed using MOBILE phone only, in order to Verify the GEO location of the User.

   (ii) **To upload the Marks** obtained by the candidates on the portal of the Board,
   For this activity the Log-in process **must** be executed using the **MOBILE DATA** only, in order to verify the location of the User. The marks Uploading process of the candidates can be executed using Mobile, Desk Top or Laptop. **However, if the user opt to use the Desk top or Laptop, then the MOBILE DATA of mobile phone must be ON and it should be connected with the Desk Top or Laptop.** This is mandatory in order to verify the location of the work execution.

   (iii) **To register/upload any observation** or complaint regarding the conduct of Practical exams.
   This activity can be used thru any media i.e Mobile, Desk top or Laptop from any location. There will not be any location verification for this task.

AnyScanner

4) This module is strictly for the operations at the exam centre only. Every time when the end user Log-in using Log-in credentials, the system will ask to capture Geo Parameters of the location, and match the same with the existing geo-parameters of the exam centre. If the difference, in distance, is beyond the specified limits by the Board, the system will automatically abort the process. Hence, the users are advised to operate this module in the premises of Exam Centre only.

**PROCEDURES FOR MODULE USAGE :**

- VISIT https://upmsp.edu.in (First time thru Mobile only, subsequently thru Mobile or MOBILE DATA)
- Click on the button "**EXEX2025**" (available at the top line of Home Page)
- A new window will be opened, and following three options will be displayed by the System :

  **Option-A :** CLICK here to capture photograph in the Lab along with Internal Examiner & School principal.

  **Option-B :** CLICK here to upload the marks obtained by candidates whose Practical exams have been conducted by you.

  **Option-C :** CLICK here to register any observation regarding unforeseen or unwanted incidence which occurred during the conduct of exam.

  Note : Mobile App for capturing the photograph & Geo parameters once installed on a mobile phone is **NOT** to be downloaded/installed subsequent times. It will continue to work as long as needed & available on your mobile phone.

**PROCEDURE FOR USING OPTION : A**
**(TO BE EXECUTED THRU MOBILE PHONE ONLY)**

- When CLICKED on Option-A, a Link will be displayed to download & instal the mobile app as "DOWNLOAD-PHOTO-CAPTURE-MOBILE-APP".
- CLICK on the link "DOWNLOAD-PHOTO-CAPTURE-MOBILE-APP".
- CLICK on "INSTALL-APP"

AnyScanner

- THE MOBILE APP will be installed on your mobile phone and a logo as ____ shall be available on your mobile screen.

- **Give permission for LOCATION & CAMERA usage.**

- CLICK on mobile app logo i.e. ____

- A screen will be opened to capture the photograph, Camera will be become active; Adjust your photograph manually by adjusting the focus and then click on "TAKE-PHOTO".

- The photograph along with Geo Parameters will be captured.

- Click on the button "UPLOAD-IMAGE"

- Photograph along with DATE+TIME+GEO Parameters shall be automatically uploaded on the Server.

- System will check the currently captured Geo-parameters with the already existing Geo-parameters of the Exam Centre, and in case of distance between both the parameters is found beyond the permitted limit by the Board, a message shall be displayed "<u>YOUR PRESENT LOCATION IS OUT OF BOUNDS, PLEASE REPORT AT THE CORRECT LOCATION</u>".

**PROCEDURE FOR USING OPTION : B**

(Marks uploading of the candidates)

- Click on the "**INTERMEDIATE PRACTICAL**" LOG-IN button

- Log-In using your Log-in credentials.

- The system will display the School wise + Candidate wise table to upload the marks. Select your school code to upload the Marks from drop down table.

- Click on the "MARKS-UPLOAD" button

- **Give permission for LOCATION**

- <u>Location of the designated place shall be verified by re-capturing the geo parameters. Any observation in Distance beyond the permitted limit by the Board will abort the process.</u>

AnyScanner

- If the location validation is successful, you will be able to upload the marks.
- All candidates from the selected table will be displayed showing the details of ROLL NO, CANDIDATE NAME, & SUBJECT etc.
- Upload the table with the marks obtained by the candidates or with other appropriate values such as "AB" for Absent; "TR" for Transfer; "UM" for Unfair means etc.
- After completing the table. Click on "REVIEW" button provided at the bottom of screen.
- You can MODIFY/CHANGE Marks of the candidates upto this stage.
- Click on "FINAL-SUBMIT" button, after you have reviewed & verified the marks uploaded by you. Subsequently, the data will be transferred to the server and cannot be modified. However, you will have the option to download the uploaded Marks or generate a checklist for the same, to download or print .
- LOG-OUT

**PROCEDURE FOR USING OPTION : C**

(To upload any observation or any complaint by the External Examiner)
NOTE : This facility can be availed from any place, either within the exam centre or outside the exam centre. There will not be any distance restriction.)

- Log-In using your Log-in credentials.
- Click on Option-3.
- System will display the details of the candidates allotted to the Examiner to conduct practical exam in table format as follows

  DIST+SCHOOL+SUBJECT+CANDIDATES
- The Examiner will have to select the details of the DIST+SCHOOL+SUBJECT from the displayed table.
- Then Examiner will be provided with a Box in which he/she can write his/her observations/complaints, or alternatively he/she can write his/her observation/complaint on a paper duly signed, and can upload the same image thru the browser.

AnyScanner

- Click on "SAVE" button
- Your contents shall be uploaded to the server and shall be transferred to the portal of Regional Secretary & Secretary.
- A message giving the details of receipt of observation shall be provided to the User.
- Log-out.

■ END OF PROCEDURAL GUIDELINES

AnyScanner